सरकारी स्कूलों में युवा पर्यटन गतिविधियों हेतु दिये जाएंगे 10 हज़ार रुपए

चर्चा में क्यों?

30 मई, 2023 को उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक जनपद में सरकारी इंटरमीडिएट स्कूलों, राजकीय डिग्री कालेज, नवोदय विद्यालय, केंद्रीय स्कूल, श्रमिक स्कूल (अटल) तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालय आदि में पर्यटन संबंधी गतिविधियों के संचालन के लिये 10 हज़ार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

प्रमुख बिंदु

- पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि नई पर्यटन नीति-2022 में युवाओं को पर्यटन से जोड़ने तथा उनके माध्यम से पर्यटन गतिविधियाँ संचालित करने के लिये यह रणनीति बनाई गई है।
- उन्होंने बताया कि किसी शैक्षणिक संस्थान को वर्ष में एक बार ही आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। एक मंडल में एक वर्ष में अधिकतम 10 ऐसे क्लबों को संबंधित जनपद के ज़िलाधिकारी की संस्तुति पर यह धनराशि प्रदान की जाएगी।
- प्रदेश में युवा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये नेहरू युवा केंद्र संगठन, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, युवक मंगल दल तथा महिला मंगल दल आदि संस्थाओं के सदस्यों के माध्यम से युवा पर्यटन क्लबों को गठित कर युवा पर्यटन गतिविधियों को संचालित किया जाएगा।
- युवा पर्यटन क्लबों को उत्तरदायी पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिये चिह्नित किया गया है, जिसके तहत बच्चों एवं युवाओं में शुरू से ही पर्यटन और संस्कृति की समझ विकसित करने की योजना बनाई गई है।
- इस पहल से पर्यटन के माध्यम से युवाओं में प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता की समझ विकसित कर भारतीय संस्कृति और विरासत को जानने के प्रति जागरूक किया जाएगा। युवा क्लब विभिन्न जनपदों के शैक्षणिक संस्थानों में यात्रा और पर्यटन के महत्त्व को भी आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/10-thousand-rupees-will-be-given-for-youth-tourism-activities-in-government-schools